प्रादेशिक समाचार
दिनांक–25.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. इसरो ने मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान के पहले एकीकृत एयर ड्रॉप का किया सफलतापूर्वक परीक्षण।
2. झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र का आज दूसरा दिन, कार्यवाही की शुरुआत प्रश्नकाल से होगी।
3. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का हेमंत सरकार पर हमला, सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले को सुनियोजित हत्या दिया करार।
4. मौसम विभाग ने आज पूर्वी और पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, खूंटी, लोहरदगा और लातेहार जिलों में भारी बारिश को लेकर जारी किया रेड अलर्ट।
5. रांची में अंडर–23 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप संपन्न, हरियाणा 180 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर।

********************

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने गगनयान मिशन के लिए पैराशूट आधारित पहले एकीकृत एयर ड्रॉप टेस्ट–आईएडीटी – 01 का परीक्षण किया। यह महत्वपूर्ण अभ्यास अंतरिक्ष यात्रियों को पैराशूट के जरिये सफलतापूर्वक उतारने से संबंधित है। यह परीक्षण इसरो, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, वायु सेना, नौसेना तथा तट रक्षक बल के संयुक्त प्रयासों से किया गया।

********************

झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र का आज दूसरा दिन है। आज सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल से शुरू होगी। सदन में विभिन्न विभागों से जुड़े सवालों के जवाब के साथ विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी में है।

********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले को लेकर हेमंत सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की अध्यक्षता में गठित भाजपा की विशेष जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। बाबूलाल मरांडी ने इस घटना को सुनियोजित हत्या करार देते हुए सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग की है।

********************

जामताड़ा में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि सरकार जल्द पिछड़ा वर्ग मंत्रालय और निदेशालय का गठन करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि 55 प्रतिशत से अधिक पिछड़ा वर्ग की आबादी को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

********************

रांची जिला प्रशासन ने 25 अगस्त को प्रस्तावित जनता दरबार स्थगित करने की घोषणा की है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजुनाथ भजन्त्री ने बताया कि जनता दरबार अब अगले निर्धारित तिथि पर आयोजित होगी। नागरिक अपनी शिकायतें और समस्याएं ऑनलाइन पोर्टल या जिला प्रशासन के आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर अबुआ साथी–9430328080 पर दर्ज करा सकते हैं।

********************

रांची जिला प्रशासन की ओर से रांची में सभी बस संचालकों के लिए यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों के पालन करने का निर्देश जारी किया गया है।

********************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है। इस संदर्भ में योग्य उम्मीदवार आकाशवाणी की वेबसाईट newsonair.gov.in और prasarbharati.gov.in के Vacancies सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल @ airnews_ranchi से प्रकाशित विज्ञापन डाउनलोड कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन 10 सितंबर 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं।

********************

धनबाद जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटना के समय घायलों को तत्काल सहायता के लिए हमेशा एंबुलेंस उपलब्ध रहेगी। उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि दुर्घटना की स्थिति में एंबुलेंस चालक से 8229800281 और एनएच कंट्रोल रूम से 8170006300 पर संपर्क कर तुरंत सहायता ली जा सकती है।

********************

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की प्रधान सचिव ने लातेहार जिले में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई है।

********************

मौसम विभाग ने आज पूर्वी और पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, खूंटी, लोहरदगा और लातेहार जिलों में भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। पश्चिम बंगाल के गंगा तटीय क्षेत्र में बना निम्न दबाव अगले 24 घंटों में झारखंड होते हुए पश्चिम और उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। इसके कारण राज्य में अगले 2–3 दिनों तक लगातार बारिश से राहत नहीं मिलेगी।

********************

रांची में आयोजित अंडर–23 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के समापन दिवस पर ग्रीको–रोमन शैली की सभी 10 भार वर्गों की स्पर्धाएं संपन्न हुईं। इस प्रतियोगिता में झारखंड के अभिषेक ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर राज्य का मान बढ़ाया। चौंपियनशिप में हरियाणा 180 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहा, जबकि एसएससीबी दूसरा और महाराष्ट्र ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने भारत के पहले एयर ड्राप टेस्ट के सफल परीक्षण की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर लिखता है– गगनयान मिशन : भारत की बड़ी छलांग, पहला एयर ड्रॉप टेस्ट सफल।

दैनिक जागरण की  सुर्खी है– सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा का जारी होगा संशोधित परिणाम।

हिंदुस्तान के शब्द हैं गुमला में भारी बारिश से कंस नदी का पुल टूटा, दर्जनों गांव कटे।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है चंपाई हाउस अरेस्ट, पुलिस से झड़प के बीच ग्रामीणों ने रोपा धान, एडीएम, 10 जवान और 12 लोग घायल।

********************